पाठ - 10

# काकी

## विषय वस्तु का बोध

(क) नींद खुलते ही  श्यामू ने क्या देखा?

उ० नींद खुलते ही श्यामू ने देखा कि घर में शोक का माहौल है .उसकी माँ जमीन पर लेटी है, सिर से पैर तक कपड़े से ढकी हैं और आसपास लोग विलाप कर रहे हैं.

(ख) कौन सी बात उससे छिपी न रह सकी?

उ० श्यामू ने जब अपनी मां को घर से बाहर उठाकर ले जाते देखा ,  तो उसको पता चला उसकी मां कहीं और नहीं बल्कि भगवान के पास चली गई हैं.

(ग) बार-बार रोने पर भी उसका शोक क्यों नहीं शांत हुआ?

उ० कई दिन तक लगातार रोने के बाद उसका रोना शांत हो गया , पर मन का दुख शांत नहीं हुआ ; क्योंकि जिस मां के आसपास उसका सारा दिन बीता था, वह कहीं दिखाई नहीं दे रही थी.

# पाठ- 11
## विषय वस्तु का बोध

(क) मनुष्य के जीवन के लिए कौन सी चीजें आवश्यक है .?

उ० मनुष्य के जीवन के लिए वायु , जल एवं भोजन के मुख्य रूप से आवश्यकता होती है .वायु के बिना तो वह निष्प्राण हो जाएगा.

(ख) सांस लेने के लिए हम वायुमंडल से क्या ग्रहण करते हैं ?

उ० सांस लेने के लिए हम वायुमंडल से ऑक्सीजन गैस ग्रहण करते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं .यह क्रिया निरंतर चलती रहती है.

(ग) कौन सी दूषित गैस मनुष्य के शवास से निकलती है?

उ० कार्बन डाइऑक्साइड गैस मनुष्य के शवास से निकलती है.

(घ) दिए गए शब्दों के दो दो पर्यायवाची लिखिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| उ० | वायु | - | समीर , पवन |
| | प्राण | - | जान , जीवन |
| | मनुष्य | - | मनुज, मानव |

## पाठ - 12

### विषय वस्तु का बोध

(क) पहलवान को राजबार में क्यों नहीं रखा गया?

उ० राजा की मृत्यु के बाद राजकुमार को रोज पहलवान पर किए गए खर्च बेकार लगते थे.

(ख) लुटट्न कहां वापस लौट आया ?

उ० लुटट्न सिंह अपने पुत्रो के साथ अपने गांव लौट आया.

(ग) गांव में लुटट्न सिंह क्या कार्य करने लगा?

उ० गांव में लुटट्न वहाँ के नौजवानों और चारवाहों को कुश्ती सिखाने लगा.

(घ) वचन बदलिए - शिष्य, पुत्र

उ० शिष्य - शिष्यो, शिष्यगण

पुत्र - पुत्रो , पुत्रगण

(ड) अवतरण में लुटट्न सिंह के लिए किन-किन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किया गया है?

उ० उसकी ,वह, अपने.

पाठ -13

विषय वस्तु का बोध

(क) कवि ने किस प्रकार की ध्वनि की बात की है?

उ० कवि ने नूतन मंगलमय ध्वनि की बात की है.

(ख) कवि किसे उठने के लिए कह रहा है ?

उ० कवि धरती के अमर सपूतों को उठने के लिए कह रहा है.

(ग) कवि ने किस निर्माण की बात की है?

उ० कवि ने नए निर्माण की बात की है .

(घ) ' गुंजित ' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय बताइए.

उ० गुंज + इत = गुंजित.

# पाठ - 14

## विषय वस्तु का बोध

(क) कौन दोनों शरबत पीकर निशाना लगाने चले गए?

उ० लेखक और छोटा जादूगर (लड़का) , दोनो शरबत पीकर निशाना लगाने चले गए.

(ख) राह  में किसने, किससे पूछा ?

उ० लेखक ने लड़के से राह में पूछा .

(ग) किसने उसे वहां जाने से मना नहीं किया?

उ० लड़के की मां और बाबू जी ने उसे वहां जाने से मना नहीं किया .

(घ) कहां पर लोगों की भीड़ से जाड़े की संध्या भी गरम हो रही थी?

उ० कार्निवल के मैदान में लोगों की भीड़ से जाड़े की संध्या भी गरम हो रही थी.